www.wagadsandesh.com

Tital Code : RAJHIN27802

# वागड़ संदेश

जन मन की आवाज

सम्पर्क

ई-पेपर मे खबरे व विज्ञापन के लिये सम्पर्क करें

ई-मेल - editorwagadsandesh@gmail.com

8890633631
9309255545
6351581818

वर्ष-1 अंक-127 | सागवाड़ा, शुक्रवार, 7 जनवरी, 2022 | अवधिः हिन्दी ई-पेपर | पृष्ठ-1, मूल्य-10 रु. (वार्षिक)

## भगवान परशुरामजी की मूर्ति तोड़ने के मामले का पुलिस ने 6 घंटे में किया खुलासा

### मूर्ति तोड़ने वाले आरोपी को किया गिरफ्तार, बीती रात पुनाली में हुई थी घटना



**डूंगरपुर।** जिले के दोवडा थाना क्षेत्र के पुनाली गांव में बस स्टैंड पर स्थापित भगवान परशुरामजी की मूर्ति तोड़ने के मामले का दोवडा थाना पुलिस ने 6 घंटे में खुलासा कर दिया है। पुलिस ने पुनाली गाँव निवासी युवक को गिरफ्तार किया है। जिससे पुलिस पूछताछ कर रही है।

दोवडा थानाधिकारी कमलेश चोधरी ने बताया कि बीती रात पुनाली गाँव में किसी अज्ञात व्यक्ति ने बस स्टैंड पर स्थापित भगवान परशुरामजी की प्रतिमा तोड़ दी थी। आज सुबह गुमने निकले लोगो ने पुनाली गाँव में बस स्टैंड पर स्थापित भगवान परशुरामजी की प्रतिमा टूटी हुई देखी थी। मामले को लेकर पुनाली निवासी विनोद जोशी की रिपोर्ट पर पुलिस ने मामला दर्ज करते हुए जाँच शुरू की। जाँच के दौरान पुलिस ने गाँव में लगे सीसीटीवी कैमेरो की पड़ताल की तो रात करीब 3 बजे एक व्यक्ति प्रतिमा के आस-पास घूमता नजर आया। मुखबिर तंत्र के जरिये पुलिस ने सीसीटीवी में दिखने वाले व्यक्ति को हिरासत में लेकर पूछताछ की तो उसने मूर्ति तोड़ने की वारदात स्वीकार कर ली जिस पर पुलिस ने पुनाली निवासी आरोपी शंकर प्रजापत को गिरफ्तार कर लिया। प्रारंभिक पूछताछ में सामने आया है कि आरोपी शंकर अहमदाबाद से रात 3 बजे पुनाली बस स्टैंड पर उतरा था उसके बाद उसने मूर्ति तोड़ने की वारदात की। मूर्ति तोड़ने के कारणों को लेकर पुलिस पूछताछ कर रही है।

यह है घटना- पुनाली गांव में बस स्टैंड पर स्थापित भगवान परशुरामजी की मूर्ति को अज्ञात बदमाशों में तोड़ दिया है। मूर्ति के साथ ही चबूतरे को भी तोड़फोड़ की है। घटना के बाद पुनाली गांव के लोगो में जबर्दस्त आक्रोश है। लोगों ने पुनाली बस स्टैंड पर चक्काजाम करते हुए मूर्ति तोड़ने वाले बदमाशो को गिरफ्तार करने की मांग की वही कुछ देर बाद पुलिस ने समझाइश कर जाम खुलवाया।

## चौकड़ी स्कूल में अजीम प्रेमजी यूनिवर्सिटी बेंगलूरु के सदस्यों का दौरा



**बासवाड़ा।** जिले कज घाटोल अंतर्गत राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय चौकड़ी में शुक्रवार को अजीम प्रेमजी यूनिवर्सिटी बेंगलूरु के सदस्यों ने दौरा किया। सदस्यों ने विद्यालय में सुविधाओं व शिक्षण व्यवस्थाओं के बारे में जाना। संस्थाप्रधान चार्मी भट्ट ने बताया की अजीम प्रेमजी फाउंडेशन के घाटोल बांसवाड़ा के सदस्य एवं यूनिवर्सिटी के सदस्यों का विद्यालय परिवार की तरफ से स्वागत किया गया। अजीम प्रेमजी फाउंडेशन के विनायक ने बताया कि कुशल नेतृत्वकर्ता प्रधानाध्यापक चार्मी भट्ट के साथ साथ स्टाफ साथी इंदु बाला दोसी, कांतिलाल, भगवान, रोशन, रुचिका आदि का अध्यापन कार्य सराहनीय हैं। इस अवसर पर अतिथियों का स्वागत गीत भावना, दिव्यानी, परी, रवीना जागृति ने किया गया। ताज़ेंग पाटीदार, रणछोड़ पाटीदार मौजूद थे।

## सरकार... जिला अस्पताल में नहीं मिल रही जरुरी दवाएं

### बीपी-शुगर, उल्टी-दस्त, बुखार, एंटीबायोटिक दवाओं सहित अन्य जरुरी दवाये नहीं मिल रही

**डूंगरपुर।** जिले के मेडिकल कॉलेज के अधीन जिला अस्पताल में जरुरी दवाओं का टोटा हो गया है। जिला अस्पताल में दिखाने आने वाले मरीजों को है,जिसके चलते मरीज दवाओं के लिए भटक रहे है और निजी मेडिकल स्टोर से दवा खरीदकर अपनी जेब ढीली करनी पड़ रही है ।

डूंगरपुर जिले में कोरोना की तीसरी लहर की दस्तक हो चुकी है। पिछले तीन दिन में डूंगरपुर जिले में 28 कोरोना के सामने आ चुके है। वही बदलते मौसम के चलते जिला अस्पताल में सर्दी-जुकाम, खांसी, बुखार, उल्टी-दस्त, पेट दर्द के मरीज बढ़ गए है। इधर बीपी ओर शुगर जैसी बीमारी से जुड़े मरीज भी अस्पताल आ रहे है। राज्य सरकार की ओर से नि:शुल्क दवा योजना में जिला हॉस्पिटल में 600 से ज्यादा दवाइयां रखी जा रही है, लेकिन दवाइयों की कमी से मरीज भटक रहे है। जिला अस्पताल में जरुरी दवाओं की कमी के चलते मरीजो को दवाओं को लिये भटकना पड़ रहा है। डॉक्टर को दिखाने के बाद लिखी दवाइयों को लेने मरीज ओर परिजन नि:शुल्क दवा काउंटर पर जा रहे है। लेकिन उन्हें पूरी दवाइयां नहीं मिल रही है। पर्ची पर डॉक्टर की ओर से लिखी 5 दवाइयों में से मुश्किल से 2 से 3 दवाइयां ही मिल रही है। ऐसे में बची हुई दूसरी दवाइयां मरीज प्राइवेट मेडिकल स्टोर से खरीदने को मजबूर है, जंहा उन्हें दवाइयां खरीदने के लिए अपनी जेब ढीली करनी पड़ रही है।

वही जब डूंगरपुर जिला अस्पताल में दवाओं की कमी के बारे में पीएमओ डॉ कांतिलाल मेघवाल से बात की गई तो उन्होंने कहा की कई बार दवाइयों को ड्रग वीयर हाउस से आने में देरी हो जाती है। उस समय दवाई नहीं मिली होगी। अगर कोई दवाई नहीं है तो उसे अस्पताल की ओर से खरीदकर भी उपलब्ध करवाई जाती है।

बहराल डूंगरपुर जिला अस्पताल के पीएमओ जिला अस्पताल में दवाओं की कोई विशेष समस्या नहीं होने की बात कर रहे हो लेकिन हकीकत कुछ और ही है। डॉक्टर्स द्वारा जो दवाये मरीजो को लिखी जाती है अधिकतर उसमे से आधी से ज्यादा दवाये निशुल्क दवा स्टोर पर होती नहीं ही नहीं है जिसके चलते मरीजो को निजी मेडिकल शॉप्स से वे दवाये खरीदनी पड़ती है। जिससे लोगो को राज्य सरकार की निशुल्क दवा योजना का लाभ नहीं मिल पाता है।

## डूंगरपुर में चौथे दिन 8 कोरोना पॉजिटिव केस आए

### संक्रमित बढ़कर हुए 36, मरीजों का परिवार भी होम आइसोलेट

**डूंगरपुर।** डूंगरपुर में लगातार चौथे दिन कोरोना पॉजिटिव केस सामने आए है। शुक्रवार को 8 पॉजिटिव केस आये है, जिसमें 6 मरीज डूंगरपुर शहर से है, जबकि 2 दूसरे गांवों से हैं। 3 बुजुर्ग भी संक्रमित मिले हैं। जिले में कोरोना मरीजों की संख्या बढ़कर 36 हो गई है। सीएमएचओ डॉ. राजेश शर्मा ने बताया कि डूंगरपुर मेडिकल कॉलेज लेबोरेट्री से 99 सैंपल की रिपोर्ट सामने आई है। 8 लोग कोरोना पॉजिटिव आए हैं। पॉजिटिव मरीजों में डूंगरपुर शहर से 6 लोग हैं। शहर के आजाद नगर कॉलोनी से 26 साल का युवक, सुभाष नगर कॉलोनी से एक 27 साल का युवक, शिवाजी नगर से 73 साल का बुजुर्ग और 65 साल का बुजुर्ग पॉजिटिव मिला है। इसी तरह पत्रकार कॉलोनी से 67 साल का बुजुर्ग और एक 46 साल का युवक पॉजिटिव आया है। दामडी गांव से 32 साल का युवक और शिशोद गांव से 30 साल का युवक पॉजिटिव आया है। कोरोना के नए मामले सामने आते ही स्वास्थ्य विभाग की टीम अलर्ट हो गई है। सीएमएचओ ने बताया कि कोरोना मरीजों की ट्रेसिंग की जा रही है। मरीजों से संपर्क कर उन्हें दवाइयां दी जा रही है। मरीजों के ट्रैवल ओर कॉन्टेक्ट हिस्ट्री देखी जा रही है। मरीजों के परिवार के सभी लोगों को भी होम आइसोलेट किया जा रहा है। परिवार के लोगों की भी सैंपलिंग कार्रवाई जाएगी।

## सड़क पर अचानक बंदर आ जाने से पलटा ऑटो

### हादसे में ऑटो सवार निजी कॉलेज की 6 छात्राए हुई घायल



**डूंगरपुर।** जिले के दोवडा थाना क्षेत्र में रागेला के पास नयागांव मोड पर निजी कॉलेज की छात्राओं से भरा ऑटो सड़क पर अचानक बंदर के आ जाने से पलट गया। हादसे में ऑटो सवार 6 कॉलेज छात्राए घायल हो गई।

जिन्हें निजी वाहन से दामडी अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। दोवडा थानाधिकारी कमलेश चौधरी ने बताया की दोवडा थाना क्षेत्र के पुनाली में एक निजी कॉलेज संचालित है। दोपहर को 10 छात्राए अपने निजी कॉलेज से ऑटो में बैठकर वापस अपने घर लौट रही थी। इस दौरान रागेला के पास नयागाँव मोड़ पर ऑटो के सामने अचानक एक बंदर आ गया जिससे ऑटो अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पलट गया। ऑटो के पलट जाने से ऑटो सवार 10 छात्राओं में से 6 छात्राए घायल हो गई जबकि 4 को मामूली चोट आई। हादसे के बाद मौके पर लोगो की भीड़ जमा हो गई। लोगो ने ऑटो के नीचे दबी छात्राओं को बाहर निकाला और घायल 6 छात्राओं को नजदीकी दामडी अस्पताल पहुचाया जहा पर डॉक्टर्स व मेडिकल स्टाफ ने घायल छात्राओं का उपचार किया जा रहा है।

### ये छात्राए हुई घायल

ऑटो पलटने से सिदडी खेरवाड़ा निवासी माया, माता टेबा निवासी ज्योति, वलोता निवासी छाया रोत, डोलवर निवासी टीना, फलोज निवासी अंजना ननोमा और माना तलाई निवासी शीला परमार घायल हुई है। सभी घायल छात्राओं की स्थिति खतरे से बाहर बताई जा रही है।

## सिलेंडर से गैस रिसाव होने से लगी आग, घर में चाय बनाते समय हुआ हादसा

### दो युवक झुलसे,टला बड़ा हादसा



**डूंगरपुर।** जिले के कोतवाली थानान्तर्गत नवाडेरा में घर में चाय बनाते समय गेस रिसाव होने से आग लग गई। हादसे में दो युवक झुलस गए गनीमत रही समय रहते आग पर काबू पा लिया गया नहीं तो बड़ा हादसा हो सकता था ।

मामले के अनुसार जोधपुर निवासी सलाम ओर फलोदी निवासी मुशर्रफ नवाडेरा क्षेत्र में किराए पर कमरा लेकर रहते है। दोनों युवक गेस एजेंसी में गैस सिलेंडर सप्लाई का काम करते है। आज दोपहर को किराए कमरे में मुशर्रफ गैस चूल्हे पर चाय बना रहा था। वही सलाम उसके पास बैठा हुआ था। चाय बनाते समय सिलेंडर के रेगुलेटर की बेक लाइट पिन खुल गई और गैस लीक होने लगी। गैस लीक होने से अचानक आग लग गई। आग लगने से चूल्हे के पास बैठे मुशर्रफ व सलाम झुलस गए। गनीमत रही दोनों युवाओं ने समय रहते आग पर काबू पा लिया वरना बड़ा हादसा हो सकता था। इधर झुलसे मुशर्रफ ओर सलाम का निजी अस्पताल में प्राथमिक उपचार कराया गया। वही मुशर्रफ की तबियत ज्यादा बिगड़ने पर उसे इलाज के लिए उदयपुर ले जाया गया है।

## कार्मिकों ने अधीक्षण अभियंता कार्यालय के बाहर धरना प्रदर्शन किया

**डूंगरपुर।** बिजली निगम में हो रहे निजीकरण को रोकने सहित कर्मचारियों की विभिन्न मांगों के लेकर डूंगरपुर जिले में बिजली निगम के कार्मिको ने अधीक्षण अभियंता कार्यालय के बाहर धरना प्रदर्शन किया और मुख्यमंत्री के नाम अधीक्षण अभियंता को ज्ञापन सौपा। अजमेर विद्युत वितरण निगम श्रमिक संघ संघ के जिला अध्यक्ष मनीष अग्रवाल के नेतृत्व में बिजली विभाग के कार्मिक आज शहर में अधीक्षण अभियंता कार्यालय के बाहर एकत्रित हुए और राज्य सरकार के खिलाफ धरना प्रदर्शन किया। इस मौके पर धरने को संबोधित करते हुए संघ के जिलाध्यक्ष मनीष अग्रवाल ने कहा कि बिजली निगम में ठेका प्रथा ओर किये जा रहे निजीकरण के चलते बिजली महंगी हो रही है वही निगम का घाटा भी बढ़ रहा है। वही उपभोक्ताओं को भी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

इस मौके पर बिजली विभाग के कार्मिको ने एफआरटी, 33 ओर 11 केवी जीएसएस, मीटर निरीक्षण आदि कार्यो के ठेकों पर रोक लगाने, निगम में प्रबंध निदेशक के पद पर आईएएस अधिकारी लगाने, 1996 से 2019 के बीच नियुक्त सहायकों को नियमानुसार लिपिक बनाने, विभिन्न पदों पर वर्षो से काम कर रहे कार्मिको को पदोन्नत करने, ओर वेतन विसंगतियों को दूर करने सहित विभिन्न मांगे सरकार के सामने रखी है। संघ के अध्यक्ष अग्रवाल ने कहा कि सरकार कार्मिको की मांगों का समाधान नही करती है तो आने वाले समय मे उग्र प्रदर्शन के साथ विधानसभा का घेराव भी किया जाएगा।

## 15 सूत्री मांगों को मानने की मांग को लेकर सीएम के नाम तहसीलदार को ज्ञापन सौंप

**सागवाड़ा।** राजस्व मंत्रालयिक कर्मचारी संघ ने अपनी 15 सूत्री मांगों को मानने की मांग को लेकर शुक्रवार को सीएम के नाम तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा। राजस्थान राजस्व मंत्रालयिक कर्मचारी संघ के आह्वान पर प्रदेश भर में सभी जिला, उपखंड व तहसील कार्यालय में राजस्वमंत्रालयिक कर्मचारी संघ के 15 सूत्री मांग पत्र पर वार्ता कर मांगों को माने जाने की मांग की गई है। राजस्व मंत्रालयिक कर्मचारियों के 15 सूत्रीय मांग पत्र में शासन सचिवालय के समान पदनाम एवं वेतन, उपखंड कार्यालयों में कार्यभार के अनुसार अतिरिक्त प्रशासनिक अधिकारी के पद सृजित करने, वित्त विभाग की अधिसूचना अनुसार पदोन्नति के पदों का सृजन करने जैसी मांगे शामिल हैं। ज्ञापन में सरकार द्वारा मांगे नही मानी जाने की सुरत में आंदोलन की जानकारी भी दी है। जिसमें 10 से 14 जनवरी तक कर्मचारी काली पट्टी बांधकर विरोध दर्ज करेंगे उसके बाद भी मांगों पर सकारात्मक निर्णय नहीं लेने पर 15 जनवरी को बैठक कर आगे के आंदोलन की रूपरेखा तैयार की जाएगी।तहसीलदार डॉ मयूर शर्मा को ज्ञापन देने में कर्मवीर सिंह राठौड़, नरेंद्र सिंह चौहान, शुभम पंचाल, सागर जोशी, सुभाष पाटीदार, जेकिन चौबीसा, विक्रम पाटीदार,अशोक खराडी, लाल सिंह बारोट, विशाल मेहता समेत उपखंड और तहसील कार्यालय के मंत्रालयिक कर्मचारी मौजूद रहे।

## रीट भर्ती 2021 की विज्ञप्ति में एडिशनल डिग्री धारियों को शामिल नहीं किये जाने से रोष

**डूंगरपुर।** जिले के रीट भर्ती के अभ्यर्थियों ने सरकार द्वारा रीट भर्ती 2021 की विज्ञप्ति में एडिशनल डिग्री धारियों को शामिल नहीं किये जाने पर आक्रोश है। अभ्यर्थियो ने कलेक्ट्रेट पहुंचकर जिला कलेक्टर को सीएम के नाम ज्ञापन देकर एडिशनल डिग्री धारियों को रीट भर्ती 2021 की विज्ञप्ति में शामिल करने की मांग की है। प्रदेश में एक और जहा रीट भर्ती में पद बढाने को लेकर आन्दोलन चल रहा है वही अब दूसरी और प्रदेश में अब रीट भर्ती 2021 की विज्ञप्ति में एडिशनल डिग्री धारियों को शामिल करने की भी मांग उठने लगी है। इसी के तहत डूंगरपुर जिले के रीट भर्ती के अभ्यर्थी आज कलेक्ट्रेट पहुंचे और रीट भर्ती 2021 की विज्ञप्ति में एडिशनल डिग्री धारियों को शामिल करने की मांग को लेकर प्रदर्शन किया। इस मौके पर अभ्यर्थियो ने बताया की 26 सितम्बर को आयोजित रीट अध्यापक पात्रता परीक्षा में ग्रेजुएशन के समकक्ष अतिरिक्त विषय में डिग्री प्राप्त अभ्यर्थियों को परीक्षा में शामिल किया गया था लेकिन जब 32 हजार पदों पर भर्ती की विज्ञप्ति जारी की गई तो इन अभ्यर्थियों को आवेदन प्रक्रिया में शामिल नहीं किया जा रहा है, जिसके चलते अब इन अभ्यर्थियों में खासा आक्रोश है। अभ्यर्थियों ने बताया की साल 2016 और साल 2018 में आयोजित रीट भर्ती में सुप्रीम कोर्ट के निर्देश के बाद एडिशनल डिग्री धारी अभ्यर्थियों को भर्ती में शामिल किया गया और वो अभ्यर्थी वर्तमान में स्कूलों में अपनी सेवाएं दे रहे हैं। लेकिन इस भर्ती में उनके साथ अन्याय किया जा रहा है। ऐसे में अब इन अभ्यर्थियों ने मुख्यमंत्री और शिक्षा मंत्री से गुहार लगाकर अतिरिक्त विषय डिग्री धारियों को भर्ती में शामिल करने की गुहार लगाई है।

## महात्मा गांधी स्कूल टाउन में प्री प्राइमेरी कक्षाओं का शुभारम्भ - टीन शेड, आरओ प्लांट व साइकिलो की भी दी सौगात

**डूंगरपुर।** विधायक गणेश घोघरा ने आज शहर के महात्मा गांधी अंग्रेजी माध्यम स्कूल में प्री प्राइमेरी कक्षाओं का शुभारम्भ किया। तो वही स्कूल परिसर में टीन शेड व आरओ प्लांट के उदघाटन के साथ बेटियों को सरकार की ओर से निशुल्क साईकिल की भी सौगात दी।

डूंगरपुर शहर स्थित महात्मा गांधी अंग्रेजी माध्यम स्कूल टाउन में आज प्री प्राइमेरी कक्षाओं का शुभारम्भ, टीन शेड, आरओ प्लांट का उद्घाटन व साइकिल वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डूंगरपुर विधायक गणेश घोघरा रहे। इस मौके पर विधायक गणेश घोघरा ने निजी स्कूलों की तर्ज पर महात्मा गांधी अंग्रेजी माध्यम स्कूल टाउन में प्री प्राइमेरी कक्षाओं का शुभारम्भ किया।

ये प्री प्राइमेरी कक्षाएं प्रतिदिन 4 घंटे तथा सप्ताह में पांच दिन संचालित होंगी। इधर इस दौरान विधायक गणेश घोघरा ने स्कूल परिसर में 12 लाख की लागत से बने टीन शेड, विद्यार्थियो को शुद्ध पेयजल के लिए आरओ प्लांट का भी उदघाटन किया और स्कूल की बेटियों को साइकिल का भी वितरण किया। इस मौके पर विधायक गणेश घोघरा ने कार्यक्रम को संबोधित किया। अपने सम्बोधन में विधायक घोघरा ने कहा की प्रदेश के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने अपनी बजट घोषणा में निजी स्कूलों की तर्ज पर महात्मा गांधी अंग्रेजी माध्यम स्कूलो में प्री प्राइमेरी कक्षाओं का संचालन शुरू करने की घोषणा की थी उसी के तहत आज इस स्कूल में प्री प्राइमेरी कक्षाओं का शुभारम्भ किया गया है। उन्होंने कहा की अभिभावकों को निजी स्कूलों में प्रवेश के लिए मोटी फ़ीस देनी पड़ती थी लेकिन सरकार की इस सौगात से निजी स्कूलों की तर्ज अब सरकारी स्कूलों में भी बच्चो को नर्सरी, एलकेजी और यूकेजी क्लासेज में पढने का अवसर मिलेगा जिससे उनकी नीव मजबूत होगी। इस मौके पर विधायक गणेश घोघरा ने सरकार की ओर से शिक्षा व खेल के क्षेत्र में चलाई जा रही योजनाओं की जानकारी दी।

## जन्मदिन पर एक ही परिवार के 8 सदस्यों ने किया रक्तदान



**बांसवाड़ा।** सपना फाउंडेशन के तत्वावधान में शुक्रवार को सुरपुर निवासी दिलीप यादव के जन्मदिन पर परिवार के 8 सदस्यों के साथ बांसवाड़ा में पहुंचकर एक साथ रक्तदान किया।

दिलीप यादव पेशे से एम्बुलेंस चालक है और गतवर्ष कोरोनाकाल में सराहनीय सेवाए दे चुके है। साथ ही दिलीप यादव सपना फाउंडेशन के सक्रिय सदस्य भी है। दिलीप यादव ने अपने जन्मदिवस पर परिवार से कांतिलाल यादव ठेकेदार, नरेश यादव पुलिस होमगार्ड, रंजना यादव, मुक्तेश यादव, भरत यादव राजस्थान पुलिस,राहुल यादव नर्स, जगत सिंह के साथ रक्तदान कर जन्मदिन मनाया। इस अवसर पर दिलीप यादव ने रक्तदान का संदेश देते हुए कहा कि समाज मे फैली भ्रांतियों को दूर करने के लिए जागरूक लोगों को स्वयं आगे आकर रक्तदान करना चाहिए।

इस दौरान रोटरी क्लब अध्यक्ष राहुल सर्राफ, सपना फाउंडेशन नगर कॉर्डिनेटर रोहित गणावा, अजय मईड़ा, कल्पना , विकास यादव उपस्थित रहे और ब्लड बैंक से श्वेता मेडम व मोहनजी का विशेष सहयोग रहा।